बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग

संकल्प

संख्या–यो०ब०–108 / 2026–27 ..... / प.व.ज.प., पटना–15 दिनांक–.....

बिहार राज्य प्राकृतिक, वन्यजीव, जैव–विविधता, नदी–झील, जलप्रपात, वन क्षेत्र, पहाड़ी भू–दृश्य तथा ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। राज्य में कॉवर झील, बेगूसराय; केसरिया धार, मानसी खगड़िया; बरैला झील, वैशाली; ईको–फ्रेन्डली कॉटेज, राजगीर, नालंदा; ईको टूरिज्म कैम्प, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष प्रमंडल–2; तेल्हाड़ कुण्ड, कैमूर; ईको–पार्क, थावे गोपालगंज; महर्षि विश्वामित्र पार्क, भोजपुर; मंदार हिल नेचर ट्रेल, बांका; विक्रमशीला गांगेय डॉल्फिन आश्रयणी, भागलपुर; बराबर गुफा, गयाजी इत्यादि में ईको–टूरिज्म एवं आवश्यक पर्यटक सुविधाएँ विकसित करने के उद्देश्य से "ईको–टूरिज्म एवं पार्क का विकास" योजनान्तर्गत **अनुलग्नक–1** में अंकित कुल 11 (ग्यारह) योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. वर्तमान में ईको–टूरिज्म क्षेत्र में निजी क्षेत्र की तकनीकी विशेषज्ञता, प्रबंधन क्षमता, नवीनतम तकनीक तथा निवेश क्षमता का उपयोग करते हुए योजनाओं को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं दीर्घकालिक रूप से संचालित करने की आवश्यकता के दृष्टिपथ में कॉवर झील, बेगूसराय; केसरिया धार, मानसी खगड़िया; बरैला झील, वैशाली; ईको–फ्रेन्डली कॉटेज, राजगीर, नालंदा; ईको टूरिज्म कैम्प, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष प्रमंडल–2; तेल्हाड़ कुण्ड, कैमूर; ईको–पार्क, थावे गोपालगंज; महर्षि विश्वामित्र पार्क, भोजपुर; मंदार हिल नेचर ट्रेल, बांका; विक्रमशीला गांगेय डॉल्फिन आश्रयणी, भागलपुर; बराबर गुफा, गयाजी इत्यादि में स्वीकृत **(अनुलग्नक–1)** कुल 11 (ग्यारह) योजनाओं को जन–निजी भागीदारी (Public-Private Partnership (PPP) Mode) के अन्तर्गत संचालित कराने की सैद्धांतिक स्वीकृति का निर्णय लिया गया है।

3. चयनित 11 योजनाओं (अनुलग्नक–1) की कुल राशि ₹249,12,23,411/– (दो सौ उन्चास करोड़ बारह लाख तेईस हजार चार सौ ग्यारह रूपया मात्र) के विरूद्ध अद्यतन विभाग द्वारा कुल राशि ₹25,14,89,700/– (पच्चीस करोड़ चौदह लाख नवासी हजार सात सौ रूपया मात्र) का आवंटन संबंधित वन प्रमंडलों को उपलब्ध कराया जा चुका है। अतः इन 11 योजनाओं को वर्तमान में यथा स्थिति पर बंद करते हुए इन 11 परियोजनाओं को PPP मोड में विकसित एवं संचालित किया जायेगा। इन योजनाओं का क्रियान्वयन जन–निजी भागीदारी (PPP) से कराने हेतु राज्य सरकार द्वारा विहित प्रक्रिया/प्रावधान के अनुरूप सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन अलग से प्राप्त किया जायेगा।

4. उपर्युक्त चयनित सभी 11 योजनाएं विभागीय स्तर से कार्यान्वित की जा रही हैं, तथा इसमें कोई संवेदक अथवा एकरारनामा की स्थिति सन्निहित नहीं है। अतः इन योजनाओं को यथास्थिति (as is where is basis) पर बंद करने में कोई कठिनाई नहीं है।

5. प्रस्ताव पर वित्त विभाग की सहमति प्राप्त है।

6. दिनांक–10.11.2026 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में प्रस्ताव पर मद संख्या–14 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित कर दिया जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त।

ह०/–

(पूनम कुमारी)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–यो०ब०–108/2026–27...../प.व.ज.प., पटना–15 दिनांक–.....

प्रतिलिपि :– ई. गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सी०डी० एवं दो अतिरिक्त प्रतियों के साथ राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह०/–

(पूनम कुमारी)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–यो०ब०–108/2026–27...../प.व.ज.प., पटना–15 दिनांक–.....

प्रतिलिपि :– माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव/महालेखाकार, बिहार, पटना/सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार/प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार/सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार/सभी मुख्य वन संरक्षक, बिहार/सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बिहार/सभी वन संरक्षक, बिहार/सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, बिहार/मुख्यालय के सभी पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

(पूनम कुमारी)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–यो०ब०–108/2026–27:7151/प.व.ज.प., पटना–15 दिनांक–12/11/26

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को दिनांक–10.11.2026 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या–14 के रूप में सम्मिलित एवं स्वीकृत प्रस्ताव के अनुपालन के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(पूनम कुमारी)
सरकार के अपर सचिव

अनुलग्नक-1

PPP मोड से संचालित किए जाने वाले प्रस्तावित योजनाओं की विवरणी।

In Rs.

क्र.सं.	वन प्रमंडल का नाम	योजनावार	चयनित योजना का नाम	स्वीकृत्यादेश संख्या/दिनांक	योजना की कुल राशि	कुल आवंटित राशि	कुल व्यय की गयी राशि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	बेगूसराय	ईको पर्यटन एवं पार्क का विकास	कांवर झील का विकास	557 04.02.2025	223665039	2001000	2001000
2			Kasaraiya Dhaar, Mansi, Khagaria	3781 02.07.26	292073000	10000000	0
3	वैशाली		बरैला झील का विकास	521 04.02.2025	286540510	45052210	45052210
4	कैमूर		तेल्हाड़ कुण्ड में ईको-टूरिज्म का विकास	901 25.02.25	91133000	41171100	41171100
5	गोपालगंज		थावे ईको पार्क का सौन्दर्यीकरण एवं विकास	5106 16.09.25	185134166	55000	55000
6	भोजपुर		महर्षि विश्वामित्र पार्क का विकास	4373 12.08.25	244223642	24390	14390
7	बांका		मंदार हिल नेचर ट्रेल का विकास एवं सौन्दर्यीकरण	4160 04.08.25	117362000	300000	300000
8	गयाजी		बराबर पहाड़ी में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास	936 25.02.2025	499834000	142866000	142866000
9	भागलपुर		विक्रमशिला गांगेय डॉल्फिन आश्रयणी का विकास	5365 04.10.25	80266453	20000	10000
10	नालन्दा	भवन	राजगीर में ईको फ्रेंडली कॉटेज का निर्माण कार्य	1991 09.04.26	285486601	10000000	0
11	VTR-02		ईको टूरिज्म कैम्प के आवासन निर्माण कार्य	6122 26.11.25	185505000	62071068	1275250
कुल योग:-					**2491223411**	**251489700**	**232744950**

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास),
बिहार, पटना।